हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान


अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री


09 छड़, जाली ले जा रहा ट्रैक्टर पलटा, इंजन में दबने से ...



12 गर्मी से पहले पेयजल संकट से निपटने नगर निगम...




## खबर संक्षेप

### 74 कार्यों के लिए 2 करोड़ 6 लाख मंजूर

**धमतरी।** शहर के 40 वार्डों में विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए निगम ने 2 करोड़ 6 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है।



सड़क, नाली और शेड निर्माण जैसे मूलभूत कार्यों से सीधे जनता को राहत मिलने वाली है। इससे पहले भी महापौर ने 2 करोड़ रुपये से 35 विकास कार्यों को मंजूरी दी थी, जिनके टेंडर लग चुके हैं और काम शुरू होने को तैयार है। महापौर रामू रोहरा एवं निगम आयुक्त इंदिरा देवहारी ने कुल 74 विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करते हुए अधिकारियों को बिना देरी टेंडर जारी करने के सख्त निर्देश दिए।

### पेंशनरों की मासिक बैठक 11 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का सम्मान तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील अध्यक्ष भगवानी राम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहन लाल साहू ने की है।

### चिंवरी में कबीर सत्संग समारोह 12 से

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में कबीर पारख सत्संग समूह के तत्वावधान में



तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 12 से 14 फरवरी तक अनिल साहू के ब्यारा में किया गया है। प्रवचनकर्ता आचार्य प्रेम साहेब होंगे। प्रवचन सुबह 10 से 2 बजे तक और दोपहर 3 से 6 बजे तक होगा। भजन की प्रस्तुति गुरुशरण साहू और उनके साथियों द्वारा की जायेगी। यह जानकारी अनिल साहू ने दी।

### बगदेही में मानसगान प्रतियोगिता 13 से

**कुरूद।** ग्राम बगदेही में 13 से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय मानसगान



प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेशभर की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मानस मंडलियों को आयोजन समिति द्वारा नगद राशि, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान हारमोनियम, तबला और मंजीरे की जुगलबंदी के साथ चौपाइयों की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहेगा। आयोजक समिति एवं ग्रामीणों द्वारा इस आयोजन की व्यापक तैयारियां की गई हैं।

---

पिछले कुछ सालों में टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 750 हेक्टेयर जमीन से अतिक्रमण हटाया गया

# बेहतर प्रबंधन और संरक्षण से बढ़ रहे हार्न बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में मालाबार पाइड हार्नबिल के संरक्षण के लिए विशेष जतन किए जा रहे हैं। 2023 में ही हार्नबिल टैकर्स की पांच टीम बनाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया था। इन पक्षियों के रहवास के लिए सदाबहार पेड़ों की संख्या में लगातार वृद्धि के लिए प्रयास किया जा रहा है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व एक आदर्श और सम्पन्न वन के रूप में विकसित हो चुका है। उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि मालाबार पाइड हार्नबिल एक आकर्षक, विशाल शरीर वाला फलभक्षी पक्षी है। यह प्रायद्वीपीय भारत के स्वस्थ, परिपक्व जंगलों की पहचान माना जाता है। अब यह पक्षी उदंती सीतानदी में में फलफूल रहा है। भारतीय विशाल गिलहरी भी यहां पर अपनी आबादी बढ़ा रही है। यह सब संभव हुआ है सामुदायिक भागीदारी, अनुकूल प्रबंधन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संरक्षण के कारण। उन्होंने बताया कि यह वन क्षेत्र लगातार और संपन्न होता जा रहा है।

## 500 से अधिक शिकारियों और तस्करों पर हुई है कार्रवाई





### हार्नबिल रेस्टोरेंट की संख्या में वृद्धि

हार्नबिलों के नियमित सर्वेक्षण के लिए स्थानीय युवा और वन मितान की हार्नबिल ट्रैकर्स टीम बनाई गई है। यह टीम इन पक्षियों का रिकार्ड भी रखती है। ये पक्षी पीपल, बरगद जैसे पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं, जहां पर सालभर फल लगता है। इन पेड़ों को हार्नबिल रेस्टोरेंट कहा जाता है। कुछ सालों में इस प्रकार के हार्नबिल रेस्टोरेंट की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

### सुरक्षा से समझौता नहीं

वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर टाइगर रिजर्व की टीम सतर्क है। पिछले कुछ साल में यहां पर 750 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। 500 से ज्यादा शिकारियों पर और तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। आगजनी की घटनाओं को कम करने के लिए थर्मल ड्रोन और समुदायिक आधारित सुरक्षा टीम की तैनाती की गई है। इससे हार्नबिल की आबादी को बढ़ने में मदद मिली है।

## जिले के 132 जोड़े बंधेंगे विवाह सूत्र में

■ मुख्यमंत्री कन्या विवाह आज रायपुर में

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 10 फ़रवरी को राज्य की राजधानी रायपुर स्थित साइंस ग्राउंड में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में धमतरी जिले के 132 जोड़े विवाह बंधन में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करेंगे। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

## हाईस्पीड कार अटल परिसर से टकराई, सीआरपीएफ का जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

■ संबलपुर बाईपास जंक्शन के पास हुआ हादसा

शहर से अपने घर लौट रहे सीआरपीएफ जवान की कार संबलपुर बाईपास जंक्शन के पास अटल परिसर की दीवार से टकरा गई। इस घटना में जवान घायल हो गया।



मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी-गागरा निवासी राजीव साहू पिता रामेश्वर उम्र 23 वर्ष सीआरपीएफ में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। इन दिनों जवान की पोस्टिंग श्रीनगर में है। बीते दिनों जवान छुट्टी पर अपने घर आया था। सोमवार को उसे वापस ड्यूटी पर श्रीनगर जाना था। ड्यूटी पर जाने के एक दिन पूर्व रविवार को जवान अपनी पत्नी व परिवार के साथ बागबाहरा क्षेत्र में घूमने गया। वापसी में राजिम मेला घूमते हुए अपने घर पीपरछेड़ी आ गया। घर पहुंचने के कुछ देर बाद उसके दोस्तों ने ड्यूटी पर जाने से पहले पार्टी करने के लिए फोन किया। दोस्तों से बात करने के बाद जवान लोवर व टी शर्ट में ही कार लेकर निकलने लगा। इसी बीच उसकी पत्नी ने जाने से मना किया लेकिन जवान कार लेकर शहर की तरफ आ गया। जहां दोस्तों के साथ पार्टी कर जवान रात्रि में अकेला कार चलाते हुए वापस अपने घर पीपरछेड़ी लौट रहा था। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर ग्राम संबलपुर में बाईपास जंक्शन के पास स्थित नवनिर्मित अटल परिसर की दीवार से टकरा गई। इस घटना में कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कांच चकनाचूर हो गया। टूटे कांच के टुकड़े युवक के शरीर में चुभ गए। घटना में जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर अर्जुनी लोकेशन की संजीवनी 108 तत्काल मौके पर पहुंची और घायल जवान को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवान को वार्ड में भर्ती कराया गया। सोमवार की सुबह अस्पताल से बगैर छुट्टी लिए घायल जवान को परिजन उपचार के लिए रायपुर ले गए।

## रेत के ढेर में पलटा ई-रिक्शा, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

सड़क पर पड़ी रेत के ढेर के कारण मालवाहक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में ई-रिक्शा चालक व सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं रूद्री मार्ग से गुजर रहे साइकिल सवार को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी है।



मिली जानकारी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम चरोटा निवासी डोमेन्द्र वैष्णव पिता देवदास उम्र 17 वर्ष मालवाहक ई-रिक्शा चलाता है। सोमवार को डोमेन्द्र अपने साथी तुषार साहू पिता कुंजलाल 16 वर्ष के साथ ई-रिक्शा से बाजा वालों को छोड़ने मड़ईभाठा आया था जहां से वापस लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में पप्पू साहू मिल गया। उसे भी ई-रिक्शा में बैठाकर चरोटा की तरफ जा रहा था। ई-रिक्शा की रफ्तार अत्यधिक थी। इसी दौरान ग्राम ईर्रा के भाठापारा से गुजरते समय सड़क पर पड़ी रेत के ढेर में ई-रिक्शा का पहिया चढ़ गया जिसके कारण ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर चार बार पलटी खा गई। इस घटना में चालक डोमेन्द्र का पैर फ्रैक्चर हो गया। वहीं तुषार को भी चोट आई है जबकि ई-रिक्शा सवार पप्पू घायल होने से बाल-बाल बच गया। सूचना पर भखारा लोकेशन की संजीवनी 108 तत्काल घटनास्थल पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

### कार ने साइकिल सवार को ठोकर मारी

अन्य घटना में स्थानीय गोकुलपुर निवासी छानूराम ध्रुव उम्र 35 वर्ष नयापारा स्थित सुमीत किराया भंडार में काम करता है। सोमवार को युवक काम पर नहीं गया था। युवक साइकिल चलाते रूद्री मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान सोनकर प्लाजा के पास तेज रफ्तार क्रेटा कार ने साइकिल सवार को ठोकर मार दी। इस घटना में युवक घायल हो गया। घायल को वरदान संस्था के शिवा प्रधान ने एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां युवक शराब सेवन करने के कारण एम्बुलेंस से नीचे उतरने में नाटक कर रहा था।

## मुस्लिम मतदाताओं के नाम कटवाने की तीन दिनों के भीतर होगी जांच

■ 5 जनवरी के अंक में हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ किया था समाचार का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



मुस्लिम समाज ने साजिशकर्ता के खिलाफ तीन दिन के अंदर कार्रवाई की मांग की

साजिश के तहत मुस्लिम मतदाताओं के नाम कटवाने की शिकायत

फार्म 7 का दुरूपयोग कर साजिश के तहत मुस्लिम मतदाताओं के नाम कटवाने की शिकायत को जिला निर्वाचन अधिकारी ने संज्ञान में लिया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को तीन दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

गत 4 फरवरी को मुस्लिम समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा था कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत तहसीलदार को मुस्लिम मतदाताओं का नाम कटाने फर्जी आवेदन दिया जा रहा है।

अधारी नवागांव में 150 मतदाताओं के नाम काटने की शिकायत तहसीलदार एवं बीएलओ से की गई है जिसमें शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर फर्जी हैं। अधारी नवागांव के मतदाता बैतुल कौसर को मृत घोषित करते हुए फर्जी शिकायत की गई है जबकि बैतुल कौसर जीवित हैं। मुस्लिम समाज की इस शिकायत को हरिभूमि ने 5 फरवरी के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था।

मतदाताओं के नाम कटवाने की शिकायत को जिला निर्वाचन कार्यालय ने संज्ञान में लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में 5 फरवरी को प्रकाशित समाचार में मुस्लिम समाज धमतरी ने मतदाताओं का नाम कटवाने के संबंध में शिकायत की है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय धमतरी ने निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी को निर्देशित किया है कि वे समाचार में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर तीन दिवस के भीतर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जांच के दौरान कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## दानीटोला में मानसगान व्याख्यान सम्मेलन का समापन

**धमतरी।** दानीटोला (बैगापारा) में आयोजित तीन दिवसीय सस्वर मानसगान व्याख्यान सम्मेलन का समापन हुआ। समापन अवसर पर नगर निगम सभापति कौशिल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य विभा चंद्राकर, पार्षद अज्जू देशलहरे एवं संजय देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन के अंतिम दिवस मानसगायकों एवं व्याख्याताओं द्वारा श्री रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का सस्वर, भावपूर्ण एवं संगीतमय प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। वक्ताओं ने अपने प्रवचनों में भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, सत्य, सेवा और समर्पण को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि ऐसे धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को हमारी सनातन परंपराओं से जोड़ते हैं। एमआईसी सदस्य विभा चंद्राकर ने कहा कि दानीटोला क्षेत्र में इस तरह के आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। पार्षद अज्जू देशलहरे एवं संजय देवांगन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।






ग्राम पीपरछेड़ी (दे) के भूमिहीन लोगों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी (दे) के लोगों ने ग्राम पंचायत तथा ग्राम विकास समिति द्वारा अतिक्रमण हटाने की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।



सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे ग्रामीण ओमप्रकाश साहू, डिलेश्वर हरदेल, रामनारायण, पवन कुमार, गोवर्धन साहू, दूजराम, थानूराम, लक्ष्मी साहू, मोहन, लोकेश यादव, सिद्धार्थ, दुर्जन, ममता साहू ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि वे सभी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर तथा आवासहीन हैं। विगत 15 से 20 वर्षों से ग्राम पीपरछेड़ी स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 586/3 रकबा 0.60 हे. पर आवास निर्माण के लिए पूर्व सरपंच एवं ग्रामीणों ने उन्हें दिया है। उक्त भूमि पर वे घेरा डालकर रखे हैं क्योंकि वे गरीब हैं। अपने परिवार का बड़ी मुश्किल से भरण पोषण करते हैं। उक्त जमीन के अलावा उनके पास अन्य कोई भूमि नहीं है।

आवेदन में बताया गया है कि जहां पर उनका कब्जा है, वह गांव के विस्तार से परे हैं। नदी, तालाब, गोठान, धार्मिक स्थल, श्मशान घाट, सार्वजनिक स्थल तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से बहुत दूर है। ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति उन्हें अतिक्रमण हटाने बार-बार प्रताड़ति कर रही है। सभी लोगों का अतिक्रमण बलपूर्वक तोड़ने की धमकी दी जा रही है। अगर किसी प्रकार की कार्रवाई होती है तो उन्हें अपूरणीय क्षति होगी जिसकी पूर्ति कर पाना कठिन होगा। ग्रामीणों ने अतिक्रमण पर रोक लगाने की गुहार कलेक्टर से लगाई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान लगभग 20 ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### विश्वकर्मा समिति ने दी सहयोग राशि

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी रमेश यादव का निधन 8 फरवरी रविवार को हो गया। जय विश्वकर्मा समिति द्वारा रमेश यादव के पुत्र भोलेश्वर यादव को श्रद्धांजलि राशि 3800 रूपए एवं 1 क्विंटल चावल प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष तुलाराम कंवर, उपाध्यक्ष कैलाश साहू, सचिव भगवान साहू, सहसचिव भगवान कंवर, जुगल साहू एवं टिकेश्वर साहू उपस्थित थे।

### पेंशन के लिए भटक रही महिलाएं : मेघनाथ

**भखारा।** नगर पंचायत भखारा भठेली की महिलाओं को विधवा एवं वृद्धा पेंशन के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर में 81 महिलाओं को विधवा पेंशन मिल रही है, वही 400 महिलाओं को वृद्धा पेंशन मिल रही है। वर्तमान में बहुत सी बुजुर्ग महिलाओं को वृद्धा पेंशन नहीं मिल रही है। विकलांग हितग्राहियों को भी पेंशन नहीं मिल रही है। कुछ लोगों को विकलांगता पेंशन मिलती थी, उन लोगों का नाम भी काट दिया गया है। महिलाओं ने बताया कि इस संबंध में नगर पंचायत कार्यालय में पूछे जाने पर सर्वे सूची का हवाला दिया जाता है। नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद मेघनाथ साहू ने कहा कि यह गंभीर विषय है। नगर की जरूरतमंद महिलाओं को शासन की योजना का लाभ मिलना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष भी महिला है। उन्हें ऐसे गंभीर मुद्दों पर पहले ध्यान देना चाहिए।



### नवागांव में शिव महापुराण आज से

**सिर्री।** ग्राम नवागांव (थूहा) के नया बाजार चौक में शिव शक्ति परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 10 से 15 फरवरी तक पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। 10 फरवरी को कलशयात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कथावाचक गंगा देवी हैं। प्रवचन का समय 1 से 5 बजे तक है। यह जानकारी राजकुमार साहू ने दी।

## निधन

### रमेश यादव

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा निवासी रमेश यादव 63 वर्ष का निधन 8 फरवरी रविवार को हो गया। वे श्रीमती अमरीका यादव के पति, भोलेश्वर यादव, धुरेन्द्र यादव एवं खोमेश्वरी यादव के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम डांडेसरा के शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-भाठागांव तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)**

**सूचना**

प्रति,

1. निलेश पि. सुभागमल जैन
2. स्मिता कुमार पि. शांत कुमार रामा
3. खिलेश्वर पि. मदन कश्यप (गिरौद)
4. प्रफुल्लचंद पि. जनकलाल (नगरी)
5. नितेश पि. रतनचंद सेठिया (धमतरी)
6. डाली पि. कुंजबिहारी देवांगन (भोथली)
7. मनहरण पि. पीताम्बर
8. डेमन पि. खम्हन (बिरझुली)
9. मेसर्स अशोक कुमार (रायपुर)
10. मोंगरा पति प्रमोद (बारना)
11. अशोक पि. रामरतन (पारागांव)
12. कोमलेश पि. हुलास (गिरौद)
13. स्वेता रामा पति दीपेश वगैरह (कुरुद)
14. हरीश पि. बिसहत कंवर (नवागांव)

विषय :- सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ :- न्याय. तहसीलदार कुरुद क्र./101/तह. वा./26 कुरूद दिनांक-16/1/26.

000

ग्राम चरमुड़िया प.ह.नं. 25 रानिम.-भाठागांव, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी के आवेदक निलेश पि. सुभागमल जैन ने अपनी भूमि खसरा नं. 378/24, 378/26 रकबा क्र. 0.1791, 0.1030 हे. का सीमांकन करने हेतु न्या. तहसीलदार कुरूद को आवेदन किया गया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 11/2/2026 (पूर्वान्ह/अपरान्ह) को किया जाना नियत है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। समय-12.00 बजे अतः आप उक्त तिथि को भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ नियत समय पर मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थिति नहीं होने की दशा में एवं बाद में की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक भाठागांव
तहसील-कुरूद

दरबा में देवांगन समाज सिर्री मंडल का हुआ वार्षिक सम्मेलन, मनाया परमेश्वरी महोत्सव

# जय देवांगन जय महाजन के जयकारों से गूंजा गगन, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

देवांगन समाज सिर्री मंडल का 60वां वार्षिक सम्मेलन और मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन 7 और 8 फरवरी को ग्राम इकाई दरबा में रखा गया था। देवांगन समाज ने धूमधाम से मां परमेश्वरी महोत्सव मनाया। कार्यक्रम में ग्राम सिर्री, बकली, दरबा, बिरेझर, सिरसिदा, चारभाठा, हथबंद के सामाजिकजन उपस्थित रहे। प्रथम दिवस सुबह 11 बजे से सिर्री मंडल द्वारा वितरण की गई राशि की वापसी की गई। पश्चात समाज के समक्ष आय व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मां परमेश्वरी महोत्सव मनाने सामाजिक जनों द्वारा पीले वस्त्र और पीले ध्वज धारण कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कैटरीना, राशि और नोमिका 3 माताओं के वेश में आसीन रहे। सामाजिक महिलाओं ने सिर पर कलश सुशोभित कर पूरे गांव की गलियों का भ्रमण किया। मां परमेश्वरी के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जय देवांगन जय महाजन के जयकारों से आकाश गूंज उठा।





मंचीय उद्बोधन और सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें 10 वीं एवं 12 वीं के प्रतिभावान विद्यार्थी लक्ष्मी देवांगन, दीप्ति देवांगन और पूजा देवांगन सम्मानित हुए। सिर्री मंडल से सभी ग्राम इकाई से पहुंचे अतिथियों का सम्मान किया गया। कलश सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम राशि देवांगन, द्वितीय कुमकुम देवांगन, तृतीय मेनका देवांगन विजेता रही। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा। शुभारंभ दिवस के मुख्य अतिथि विनय देवांगन जिलाध्यक्ष देवांगन समाज धमतरी थे। उन्होंने सिर्री मंडल द्वारा आयोजित शोभायात्रा और मां परमेश्वरी महोत्सव के आयोजन की सराहना की और सिर्री मंडल की सामाजिक एकजुटता, उत्साह को सराहा। इस दौरान जिला देवांगन समाज द्वारा बीते दिनों मनाए गए मां परमेश्वरी महोत्सव में आकर्षक सुआ नृत्य प्रस्तुत करने वालों वेणुका देवांगन, हेमलता देवांगन, उर्वशी देवांगन, चित्राणी देवांगन, क्षमा देवांगन, हना देवांगन, लक्ष्मी देवांगन को सम्मानित किया गया। 8 फरवरी को सिर्री मंडल के अध्यक्ष और सचिव निर्विरोध चुने गए। ग्राम चारभाठा निवासी धनेश देवांगन मंडल अध्यक्ष और ग्राम दरबा निवासी विष्णु देवांगन मंडल सचिव के पद पर आसीन हुए। नवीन पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया।

मौके पर विष्णु देवांगन, शिवकुमार देवांगन, देवनारायण देवांगन, खोजलाल देवांगन, लीला देवांगन, लकेश्वरी देवांगन, रमला देवांगन, चुन्नीलाल देवांगन, हृदय देवांगन, लिनेंद्र देवांगन, नेकराम देवांगन,पामेश देवांगन, तरुण देवांगन, विष्णु देवांगन, मन्नूलाल देवांगन, हरि देवांगन, कल्पना देवांगन, कविता देवांगन, धनेश देवांगन, रूपचंद देवांगन, चंद्रकुमार देवांगन, कोमल देवांगन, लालचंद देवांगन, दौलत देवांगन सहित अन्य सामाजिकजनों की उपस्थिति रही। समापन पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम में मां दुर्गा की झांकी प्रस्तुति हुई।

# यामिनी ने दिखाया ताईक्वांडो प्रतियोगिता में दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरूद महाविद्यालय खेल प्रतिभा का धनी विगत कई वर्षों से रहा है। इस महाविद्यालय से राज्य स्तर, जोन स्तर, राष्ट्रीय स्तर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने भविष्य का निर्माण करते हैं एवं महाविद्यालय के साथ अपने राज्य का नाम रोशन करते हैं। 4 फरवरी को शासकीय जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर में आयोजित सेक्टर अंतरमहाविद्यालयीन ताईक्वांडो प्रतियोगिता में संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के बीपीएड तृतीय सेमेस्टर की छात्र कुमारी यामिनी का चयन आल इण्डिया इंटरयूनिव्रिससटी ताईक्वांडो महिला प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

साथ ही टिकेन्द्र पटेल बीए द्वितीय सेमेस्टर ने सिल्वर मेडल तथा तामेश्वर कुमार बीपीएड द्वितीय सेमेस्टर ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. ए. के. मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. आर.के.पाण्डेय, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जानकी साहू, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, रेणु पाटले, लीना दिली, प्राध्यापक एम.एस. साहू, डॉ. सरस्वती घृतलहरे, डॉ. ओमजी गुप्ता समेत कॉलेज स्टाफ ने हर्ष जताया है।



# गोंडवाना संस्कृति और समानता का दिया संदेश

- कोया पूनेम गोंडी गाथा में शामिल हुईं कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद के खेल मेला मैदान में आयोजित कोया पूनेम गोंडी गाथा के तीसरे दिन प्रवचन के दौरान गोंडी संस्कृति, प्रकृति-पूजन और सामाजिक समानता की परंपरा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रवचक तिरूशंकर शाह इरपाची ने कथा श्रवण के माध्यम से श्रोताओं को बताया कि काली कंकाली (कली कंकाली) दाई गोंडवाना संस्कृति की एक महान आदिवासी शक्ति है, जिन्हें 33 कोटि के बच्चों (देवताओं, पेन) की माता के रूप में पूजा जाता है।

प्रवचन के दौरान अलाम और कलाम की परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया गया कि गौतम बुद्ध के गुरु गोंडी धर्म से जुड़े थे और इसी से आगे चलकर बौद्ध धर्म का निर्माण हुआ। बौद्ध धर्म की तरह ही गोंडी धर्म में भी छुआछूत और भेदभाव का कोई स्थान नहीं है। गोंडी दर्शन प्रकृति को सर्वोपरि मानता है और प्रकृति कभी भेदभाव नहीं करती। तालाब में स्नान करने पर तालाब किसी से ऊंच-नीच नहीं पूछता जो भेद करता है, वही ईश्वर या देवता नहीं हो सकता। प्रवचन में यह भी बताया गया कि गोंडी समाज में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के बीच किसी प्रकार का भेदभाव स्वीकार्य नहीं है। इसी समानता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रयतार जंगो दाई ने महिलाओं के अधिकारों के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए। उनके प्रयास से आश्रमों की स्थापना हुई और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कार्य हुए। आज उसी का परिणाम है कि महिलाएं और पुरुष कंधे से कंधा मिलाकर सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य सभी क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इस अवसर पर तारिणी चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, सुरेंद्र ध्रुव राज, यूआर ध्रुव, पुरुषोत्तम पड़ोटी, संतराम मरकाम, माखनलाल ध्रुव, शैल्या नेताम, बसंत ध्रुव, दुर्गा ध्रुव, रोहित कुमार ध्रुव, नीलकंठ ध्रुव, कृष्णकुमार ठाकुर, तुलसीराम ठाकुर, संतोष सोरी, शशि प्रभा, मदनलाल मरकाम सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।



# संकुल स्तरीय विज्ञान एवं गणित मॉडल की लगी प्रदर्शनी

- दर्शकों ने प्रदर्शनी को जीवनोपयोगी बताते हुए खूब सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संकुल स्तरीय विज्ञान एवं गणित मॉडल की प्रदर्शनी संकुल अन्तर्गत शाउमावि मंदरौद में आयोजित हुई जिसमें मंदरौद, सेलदीप, कमरौंद के खोजी व जिज्ञासु बच्चों ने विज्ञान गणित, पर्यावरण, विषय पर आधारित, वायु प्रदूषण, त्रिकोणमिति, डीएनए, वर्षा सूचक यंत्र, जाल चक्र, गणित के सूत्र, चन्द्रयान ग्रीन हाऊस, आदि बहुत से नए-नए मॉडल का प्रदर्शन किया गया।





यह आयोजन संकुल प्रभारी प्राचार्य एवं केंद्र मंदरौद के तत्वाधान एवं संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य के निर्देशन प्राचार्य प्रभारी हृदय भूषण कहार में हुआ। महेन्द्र चंद्राकर, बीएल साहू, दिनेश कुमार ठाकुर, बीएल साहू, होमन साहू, हेमंत कुमार हिरवानी, नेमि ध्रुव, राम कृष्ण निषाद ने भाग लिए बच्चों को मेडल से सम्मानित किया।

इस अवसर पर विज्ञान प्रभारी व्याख्यता होमन साहू, संकुल समन्वयक टाकेश्वर साहू, प्राचार्य हृदयभूषण कहार, महेन्द्र कुमार चंद्राकर, हुमन चंद्राकर, ललित कश्यप, हेमंत कुमार हिरवानी, थानेश्वर वर्मा, गणेश राम ध्रुव बाबूलाल कंवर, भीमराव मेश्राम, मधु दीवान, अंजलि साहू, दीपा साहू श्रीमती उमारानी कुर्रे, श्रीमती देवकी साहू, पूनम अग्रवाल, नेमी चंद साहू ने बच्चों के प्रयास की सराहना की एवं भविष्य के लिए इस इसे जीवनोपयोगी बताया।

# मांगों को लेकर स्कूल सफाई कर्मचारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ की प्रदेश स्तरीय कबीरधाम जिले के सत्ती वार्ड स्कूल मिनीमाता चौक में हुई। सभी जिला अध्यक्षों ने अपने विचार प्रकट किए। प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, प्रदेश महामंत्री डगेश्वर पटेल, धमतरी जिलाध्यक्ष लोकेश साहू एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि आगामी बजट सत्र फरवरी 2026 में संघ की मांग पूरी हो जाती है तो संघ द्वारा विशेष सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रतिनिधि के रूप में नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि आप लोगों की मांग जायज है। उन्होंने शासन स्तर पर बात रखने का आश्वासन दिया।



मौके पर कुरूद ब्लाक अध्यक्ष नूतन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष हीरालाल साहू, पुरेन्द्र साहू, धमतरी ब्लाक अध्यक्ष गोपाल पवार, डामन सिन्हा, मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, सचिव रामेश्वर साहू, नगरी ब्लाक अध्यक्ष रविशंकर चेलक, सरताज खान समेत अन्य उपस्थित थे।

# महेश्वर का सीआईएसएफ में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम सांकरा निवासी महेश्वर पिता बहादुर कंवर 25 वर्ष का एसएससी जीडी कांस्टेबल सीआईएसएफ में चयन हुआ है। युवक ने बताया कि उन्होंने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की। वह गांव का पहला युवक है जिनका सीआईएसएफ में चयन हुआ है।

प्रारंभिक ट्रेनिंग 9 फरवरी को देवली राजस्थान में शुरू होगी। ट्रेनिंग में जाने से पहले गांव वालों ने 7 फरवरी को विदाई समारोह रखा।

मौके पर सरपंच गनेश्वर यादव, उपसरपंच कन्हैया साहू, चंपेश्वर यादव, मनहरण साहू, भोज साहू, दुलेश्वर कंवर, मोहनी ध्रुव, अन्नू ध्रुव, जेएस कंवर, साधु राम कंवर, अधारी यादव, पवन कंवर, यशोदा कंवर, भीष्म प्रताप यादव, रूक्मणि कंवर, कीर्तन कंवर सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।




# इटली से पहुंचे श्रद्धालुओं ने लिया स्वास्थ्य लाभ

- राजिम कुम्भ मेला में श्रद्धालुओं को मिल रही स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

राजिम कुम्भ (कल्प) मेला में देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुलभ, सतत एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेला अवधि के दौरान इटली से 10 दिवसीय प्रवास पर आए दार्शनिक समूह सहित अन्य श्रद्धालुओं ने मेला परिसर में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने वालों में गजेन्द्र सिंह राठौड़ (गाइड) तथा इटली से पहुंचे मुरैना, जुलियाना, रोजा, पैपो, फैलियो एवं पैपे शामिल रहे।



मेला परिसर में पदस्थ चिकित्सक डॉ. अनीता पैकरा एवं उनकी टीम द्वारा श्रद्धालुओं की बीपी एवं शुगर की जांच की गई तथा आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं जानकारी प्रदान की गई। मेला अवधि के दौरान प्रतिदिन लगभग 150 से 200 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा रहा है। साथ ही मेला स्थल पर छह बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल स्थापित किया गया है।

यह कार्य कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यू.एल. कौशिक के निर्देशन में मेला नोडल अधिकारी सह खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. ठाकुर एवं मुकेश कुमार साहू की देखरेख तथा मेला प्रभारी केके देवांगन व लेखराम साहू के सहयोग से हो रहा है।

छात्र मिलन समारोह में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए

# इतिहास विभाग के 25 वर्षों की उपलब्धि बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इतिहास विभाग के तत्वावधान में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय में इतिहास विषय की स्नातकोत्तर कक्षाओं के प्रारंभ होने के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। समारोह में इतिहास विभाग के पूर्व एवं वर्तमान छात्र, प्राध्यापकगण एवं अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर चौबे रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने की। विशेष अतिथि गर्ल्स कॉलेज धमतरी की प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया, नगरी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा, मगरलोड कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर तथा हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रिका साहू रहीं। अतिथियों एवं पूर्व छात्रों का स्वागत नवांकुर एवं रोज स्टिक भेंटकर किया गया। स्वागत गीत पूजा छिंद्राम द्वारा प्रस्तुत किया गया।



इस अवसर पर इतिहास विभाग के 25 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर ने विभाग के गौरवशाली इतिहास एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए और गुरुजनों के योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय को पूर्व छात्रों द्वारा आर्थिक एवं स्मृति स्वरूप सहयोग भी प्रदान किया गया।

अपने उद्बोधन में डॉ. चंद्रशेखर चौबे ने एलुमनी एसोसिएशन से जुड़ने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने ऐसे आयोजनों को संस्था और छात्रों के बीच सेतु बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कृष्णकुमार देवांगन तथा आभार प्रदर्शन डॉ. जितेंद्र मानकर ने किया।

# गोपी किशन का सीआरपीएफ में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर के युवक गोपीकिशन निषाद का चयन केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल में कॉन्स्टेबल (जीडी) के पद पर हुआ है। गोपी किशन पिता केदारनाथ निषाद निवासी वार्ड क्रमांक 7 नगर पंचायत नगरी के चयन से न केवल नगर बल्कि पूरा निषाद समाज एवं छत्तीसगढ़ राज्य गौरवान्वित हुआ है। उन्हें एक वर्ष का प्रशिक्षण राजस्थान राज्य में दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात वे देश की आंतरिक सुरक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। निषाद की इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है।

## खबर संक्षेप

### जनपद की सामान्य सभा 11 को होगी

**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल की सामान्य सभा बैठक 11 फरवरी बुधवार को आयोजित की जाएगी। बैठक जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जनपद सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य सभा बैठक में विकासखंड अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी और साथ ही सामाजिक सहायता पेंशन योजना के अंतर्गत स्वीकृति संबंधी विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### मृतक के परिजनों के लिए 4 लाख की सहायता मंजूर

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने स्टाप डेम में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील चारामा निवासी 45 वर्षीय कांशी राम कोसरिया की नदी में बने स्टाप डेम में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी मोहनी के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### एकलव्य विद्यालय में 11 तक आवेदन का मौका

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 07 फरवरी तक आमंत्रित किए गए थे, जिसमें संशोधन करते हुए अब 11 फरवरी तक आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश चयन परीक्षा हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने एवं सहयोग हेतु जिले के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों एवं मंडल संयोजक, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

### तेन्दूपत्ता शाखकर्तन का प्रशिक्षण 16 से 20 तक

**कांकेर।** तेंदूपत्ता संग्रहण काल के पूर्व शाखकर्तन का प्रशिक्षण सभी वन परिक्षेत्र मुख्यालय में 16 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। तेन्दूपत्ता शाखकर्तन कार्य के लिए कोरर में 16 फरवरी को, नरहरपुर में 17 फरवरी, कांकेर में 18 फरवरी, चारामा में 19 फरवरी एवं सरोना में 20 फरवरी को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमें संबंधित क्षेत्र के समितियों के साथ ही सरपंच, समिति अध्यक्ष, संचालक मंडल के सदस्य, प्रबंधक, नोडल अधिकारी, फड़ मुंशी, वन समिति के अध्यक्ष एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिय उपस्थित रहेंगे।

### बेकाबू अज्ञात कार की टक्कर से युवक गंभीर रिपोर्ट कराई दर्ज

**कांकेर।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की वजह से एक और परिवार को गहरी चोट पहुंची है। अज्ञात कार चालक की लापरवाही ने एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसका इलाज अब भी निजी अस्पताल में जारी है। पीड़ित पिता ने इलाज में व्यस्त रहने के कारण विलंब से थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है और दोषी चालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम बैजनपुरी, थाना विश्रामपुरी जिला कोडागांव निवासी 45 वर्षीय विशाल मंडावी पिता स्व. चमरू मंडावी ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर 2025 को उनका पुत्र रविन्द्र मंडावी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 27 आर 0391 से निजी कार्य से कांकेर आ रहा था।

## सांकरा मैनपुर मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा

# छड़, जाली ले जा रहा ट्रैक्टर पलटा, इंजन में दबने से एक युवक की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा





नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सांकरा फारेस्ट नाका के आगे मेचका रोड में रविवार की शाम करीब 6 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ग्राम सांकरा से छड़, जाली एवं अन्य निर्माण सामग्री लेकर अपने गृह ग्राम जिडार (मैनपुर) जा रहा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर में सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की सूचना पर सिहावा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घायलों के बयान और दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

ट्रैक्टर सवार परेश नागेश 35 वर्ष ने थाना सिहावा को बताया कि 8 फरवरी को अपने चाचा कांशीराम नागेश के ट्रैक्टर से छड़, जाली, प्लाई खरीदने उनके चालक भावेश ओटी व तामेश्वर मरकाम, गुलाल मरकाम के साथ दोपहर में साकंरा गये थे।

सांकरा से सामान खरीदकर गांव जिडार जाने शाम 5.45 बजे निकले थे। ट्रैक्टर को चालक भावेश ओटी चला रहा था तथा ट्रैक्टर की दाहिनी तरफ बड़े चक्के के उपर मडगार्ड में बने केबिन पर वह बैठा था। बायीं तरफ बड़े चक्के के उपर मडगार्ड मे बने केबिन में गुलाल मरकाम व तामेश्वर मरकाम बैठा था। शाम करीबन 6 बजे मेचका रोड फारेस्ट नाका बेरियर सांकरा नहर नाला के आगे पहुंचे थे कि चालक भावेश ओटी ट्रैक्टर को काफी तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते समय रोड किनारे उतार दिया। जिससे अनियंत्रित होकर रोड किनारे ट्रेक्टर ट्राली इंजन सहित पलट गया। ट्रैक्टर के इंजन में दबने से गुलाल मरकाम की मौत हो गई। परमेश्वर मरकाम के दाहिने हाथ तथा उसके खुद के दाहिने पैर तथा चालक भावेश ओटी को भी कमर, पैर मे चोट लगी है।

## 11 वैदिक विद्वानों ने किया पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

किले स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में गायत्री संस्कृत पाठशाला के नवनिर्माण अवसर पर 4 से 11 फरवरी तक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित है, जिसमें दिव्य वेदियों का पूजन, पाठ, जप, अर्चन तथा सहस्त्रनाम पाठ किया गया।

कार्यक्रम अंतर्गत पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक आचार्य पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्री महाराज के पावन सानिध्य में 11 वैदिक विद्वानों द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया।

सत्संग सभा में आचार्य श्री ने भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि जो व्यक्ति परहित की भावना से शिव उपासना करता है, उसे जीवन में सर्वोच्च कल्याण की प्राप्ति होती है। भगवान महादेव ने देव और मानव समाज की रक्षा के लिए विषपान कर त्याग और सेवा की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि दुखी, गरीब और असहाय लोगों की सेवा ही परम धर्म है। बम-बम का उच्चारण शिवजी के बीज मंत्र से जुड़ा है, जिससे वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

आचार्य श्री ने सनातन परंपरा के अनुसार विधि-विधान से की गई पूजा, मंत्र-जप और यज्ञ के महत्व पर बल देते हुए कहा कि शास्त्रसम्मत साधना से ही फल की प्राप्ति संभव है। उन्होंने वर्णाश्रम व्यवस्था, धर्म-संस्कृति की रक्षा, संतुलित शिक्षा, रक्षा, वाणिज्य और सेवा व्यवस्था को समाज के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में रामराज्य की संकल्पना, धर्म और राजनीति के समन्वय तथा परंपरागत धर्माचार्यों के मार्गदर्शन की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया।

## गाइडेड बायोफिल्म थैरेपी से होगी दांतों की सफाई



**बिजनेस साइट**

- हीरा डेंटल क्लिनिक में दांतों की सफाई की नई मशीन का गुरूमुख सिंह ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के ह्रदय स्थल में स्थित हीरा डेंटल क्लिनिक एवं इम्प्लांट सेंटर में गाइडेड बायोफिल्म थैरेपी (जीबीटी) पर आधारित दांतों की सफाई की नई मशीन का पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने शुभारंभ किया। यह अत्याधुनिक दंत सफाई प्रणाली बिना दर्द दांतों के प्लाक बायोफिल्म और दागों को सुरक्षित व प्रभावी ढंग से हटाने में सक्षम है। अभी तक उपयोग में आरही अल्ट्रासोनिक वाइब्रेशन तकनीक से मरीजों को हल्के दर्द व किनकिनाहट का अनुभव होता था लेकिन यह मशीन सटीक स्प्रे और स्विस तकनीक पर आधारित होने के कारण मरीजों को दर्द रहित अनुभव देती है। यह छत्तीसगढ़ की प्रथम मशीन है जो 3 इन 1 कार्य प्रणाली पर आधारित है। इसमें मरीजों के आराम के लिए तापमान नियंत्रित पानी प्रणाली से इम्प्लांट व गम पॉकेट की गहराई तक सुरक्षित सफाई की जा सकती है। श्री होरा ने हीरा डेंटल क्लिनिक के डॉ अभिषेक गोयल एवं डॉ पूजा वर्मा, डॉ अपूर्वा पवार व स्टाफ को उपचार की इस नई तकनीक के लिए बधाई दी। इसके अलावा क्लिनिक में दांतों व जबड़े की सम्पूर्ण जांच के लिए सीबीसीटी स्कैन की सुविधा, दांतों की व्हाइटनिंग के लिए जूम ब्लीचिंग व अत्याधुनिक तकनीक से डिजिटल गाइडेड इम्प्लांट लगाने की सुविधा है।

## गंदगी को अलविदा : शहर में बनेंगे आधुनिक आकांक्षी शौचालय, स्वच्छता को मिलेगी नई रफ्तार

- स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत नगर निगम की बड़ी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर की सार्वजनिक स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में आधुनिक तकनीक से युक्त आकांक्षी शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। नगर निगम द्वारा शहर के पांच प्रमुख स्थानों पर 10 सीटर एवं छह सीटर आकांक्षी शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार बठेना एवं सोरिद वार्ड में शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि गोशाला मैदान में बन रहा 10 सीटर आकांक्षी शौचालय लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद इसे शीघ्र ही आम जनता के लिए खोला जाएगा।



### खुले में शौच पर लगेगा प्रभावी अंकुश

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार आकांक्षी शौचालयों के शुरू होने से शहर में खुले में शौच की समस्या पर नियंत्रण होगा और स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ेगी। यह पहल शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### करोड़ों की लागत से विकसित हो रही आधुनिक सुविधा

गोशाला मैदान में निर्माणाधीन 10 सीटर आकांक्षी शौचालय पर लगभग 28 लाख रुपये की लागत आ रही है। वहीं बठेना, सोरिद और नवागांव वार्ड में छह सीटर आकांक्षी शौचालयों का निर्माण करीब 16.92 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। सभी शौचालयों को आधुनिक डिजाइन और उच्च गुणवत्ता के साथ विकसित किया जा रहा है।

### दिव्यांग, महिलाएं और बुजुर्ग होंगे लाभान्वित

आकांक्षी शौचालयों में टचलेस फ्लशिंग सिस्टम, स्वच्छ जल व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश, दिव्यांगजनों के लिए रैंप, बुजुर्गों के अनुकूल ढांचा तथा शिशुवती माताओं के लिए स्तनपान कक्ष की सुविधा प्रदान की जाएगी। 10 सीटर शौचालयों में 10 शौचालय सीट एवं 10 यूरिनल सीट, जबकि छह सीटर शौचालयों में छह-छह सीटें स्थापित की जा रही हैं।

### खेल, संस्कृति व शिक्षा के संगम ने मोहा मन

**अंवरी।** बिसाहूसिंह गौर शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस भखारा में वार्षिक उत्सव एवं स्नेह समारोह हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष ज्योति हरख जैन रहीं। अध्यक्षता प्राचार्य डीके चौधरी ने की। अन्य अतिथि ईश्वर साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, विष्णु साहू नपं उपाध्यक्ष, मेघनाथ साहू पार्षद, ममता चंद्राकर, डॉ. मोहन हरदेव, बिंझवारराम साहू, खेमलता साहू, परदेसी कंवर, छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू पार्षदगण, चेतन साहू, वीरेंद्र साहू पूर्व शिक्षकगण थे। मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार होते हैं। सेजेस भखारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेलकूद गतिविधियों की सराहना की। पालकों को बच्चों से सतत संवाद की सलाह दी। उन्होंने पढ़ाई के लिए खूब मेहनत करने और नशापान से दूर रहने का आह्वान किया। इस वर्ष विद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, अवार्ड पुरस्कार प्रदान किए गए।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में अनियमितता



- कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में एसआईआर में हो रही अनियमितता के विरोध में कांग्रेसियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। श्री शर्मा ने बताया कि फॉर्म नंबर 7 में किसी भी व्यक्ति द्वारा आम जनता के नाम को सूची से काटने के लिए आवेदन कर अवैधानिक कृत्य किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी विशेष दल के नेतृत्व में इस तरह का षड्यंत्र रचा जा रहा है और लोगों को उनके मत के अधिकार से वंचित रखने की साजिश रची जा रही है। बीएलओ द्वारा बीएलए को जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। लोगों से उनके मत का अधिकार छीनने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि इस तरह की अनियमितता अगर जारी रही और ऐसे कृत्य करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी और उग्र आंदोलन करेगी। अनुविभागीय अधिकारी ने 7 दिवस के भीतर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष द्वय मोहन लालवानी, शरद लोहाना, पूर्व महापौर विजय देवांगन, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र देवांगन, हित्तू गंगवीर, अरविंद दोशी, योगेश लाल, राजेश ठाकुर, आकाश गोलछा, गजानंद रजक, भागी ध्रुव, विक्रांत पवार, शैलेन्द्र दीवान, आशुतोष खरे, अम्बर चंद्राकर, तारिक रज़ा कादरी, रेहान वीरानी, सूरज पासवान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

## लोककला डायरो में दिखी गुजरात की भक्ति और संस्कृति

- गुजराती समाज निरंतर राष्ट्र निर्माण में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : प्रीतेश
- डायरो समाज को अपनी परंपरा, संस्कृति और विरासत से जोड़ने का माध्यम : देवजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



एनआर गुजराती फाउंडेशन गांधीनगर गुजरात, सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ एवं एनआर गुजराती एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 8 फरवरी को गुजराती स्कूल परिसर रायपुर में एनआर गुजराती सम्मेलन और गुजरात की प्रसिद्ध लोक कला डायरो कार्यक्रम हुआ। अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरेंदर मिश्रा, विधायक सुनील सोनी, उड़ीसा के नुआपाड़ा के विधायक जय राजेंद्र डोलकिया, सूर्यकांत राठौड़ सभापति नगर निगम रायपुर, गुजरात सरकार के एनआर गुजराती फाउंडेशन गांधीनगर से श्रीमती ज्योतिबेन तेली रही। गुजरात की भक्ति, संस्कृति, परंपरा एवं प्राचीन शौर्य गाथाओं की भावनात्मक प्रस्तुति ने समाजजनों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने कहा कि गुजराती समाज ने देश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में ऐतिहासिक योगदान दिया है। अपनी परंपराओं और मूल्यों से जुड़े रहकर समाज निरंतर राष्ट्र निर्माण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। स्वागत उद्बोधन एनआर गुजराती एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक देवजी पटेल ने दिया। श्री पटेल ने कहा कि लोक कला डायरो केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को उसकी गौरवशाली विरासत, संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। गुजरात से पहुंचे प्रख्यात लोक कलाकार डॉ. रंजीत वांक द्वारा प्रस्तुत लोक कला डायरो ने भक्ति, काव्य, संगीत और इतिहास का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। डायरो के माध्यम से गुजरात के शूरवीरों की गाथाएं, समाज की प्रमाणिक भक्ति परंपरा और ऐतिहासिक योगदान को संगीतमय शैली में प्रस्तुत किया गया। इस दौरान छग के विभिन्न शहर से आए अलग अलग क्षेत्रों से ख्यातिप्राप्त 100 से अधिक गुजराती सदस्यों को मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन तृप्ति जावेरी व आभार व्यक्त प्रीतेश गांधी ने किया। कार्यक्रम में जगदलपुर, बिलासपुर, महासमुंद, धमतरी, बालोद, राजनांदगाव, दुर्ग, भिलाई, कांकेर, रायगढ़, भाटापारा, अंबिकापुर, रायपुर, कोरबा, मनेन्द्रगढ़, खरोरा सहित प्रदेश भर से लगभग 2000 से अधिक सामाजिकजन उपस्थित रहे। मौके पर सर्व गुजराती समाज छग के अध्यक्ष प्रीतेश गाधी, एन.आर गुजराती फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक देवजी पटेल, नितिन डोलकिया अध्यक्ष दशा सोरठिया समाज, प्रकाश बारमेड़ा अध्यक्ष गुजराती समाज रायपुर, ललित पुजारा बिलासपुर, अरविंद भानुशाली सचिव सर्व गुजराती समाज, भावना टाक, तृप्ति जावेर, अर्पिता चावड़ा, दीप्ति राठौर, ज्योति दवे (भिलाई), शीतल सरवैय्या (दुर्ग), जयंती पटेल प्रदेश मंत्री भाजपा, गौरांग कांचा अध्यक्ष गुजराती युवा मण्डल, निखिल पांड्या सचिव गुजराती युवा मण्डल, चेतना पारेख, उर्वशी पारेख, मैत्री व्यास, कृपा पारेख, रूपा वैद्य, लीना मेहता, सुनीता शाह, ममता पिठालिया, सौम्या पिठालिया, भारती कांचा, पल्लवी, सीमा राठौर, लता बेन, सृष्टि बेन, गायत्री बेन, स्मिता बेन, हिमानी बेन, गीता बेन, रीता बेन, कल्पना परमार, हर्षा बेन, जयश्री बेन, मंजूषा बेन, उ षा बेन, प्रदीप जोशी, रोहित पिठालिया, विवेक पिथालिया, हितेश पिथालिया, धवल पितालिया, सौरभ पिथालिया, विवेक परमार, लिलेश परमार, कल्पेश ढोलकिया, पंकज जावेरी, मितुल कोठारी प्रदेश सहयोजक सोशल मीडिया भाजपा, हिम्मत पटेल, प्रकाश पटेल, बंटी पटेल, गिरिश सरवैय्या, मनीष शाह, सुनील पांड्या, चंद्रकांत देसाई, अनिल कांचा, नरेश कांचा, विशाल टांक, अनिल पटेल जगदलपुर, राजगोपाल कोठारी कांकेर, गिरीश सवारिया भिलाई, लखमशी भानुशाली, हरि कटारिया, प्रकाश गांधी, कीर्ति शाह अध्यक्ष गुजराती समाज धमतरी, आशीष टांक, हेमंत बारमेडा, सुरेश भानुशाली भाटापारा, प्रहांत पांड्या, चिराग जोशी, भावेश राठौर, मयूर कांचा, कीर्तन कांचा, देवल टांक, जतिन बावरिया उपस्थित थे।

## तीन माह बाद आयुक्त प्रिया ने संभाला नगर निगम का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम धमतरी में पदस्थ आयुक्त प्रिया गोयल ने लगभग तीन माह के अवकाश के बाद सोमवार 9 फरवरी को पुनः अपने पद का कार्यभार संभाल लिया है। पारिवारिक कारणों से अवकाश पर गई आयुक्त की वापसी के साथ ही निगम के प्रशासनिक कार्यों में गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि आयुक्त प्रिया गोयल ने 22 नवंबर 2025 को उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर अवकाश लिया था। उनके लंबे अवकाश पर चले जाने को लेकर नगर निगम में पार्षदों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच चर्चाओं का दौर चलता रहा। इस अवधि में नगर निगम के प्रशासनिक कार्य आंशिक रूप से प्रभावित भी हुए थे।



आयुक्त के अवकाश पर रहने के दौरान नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अपर कलेक्टर इंदिरा देहारी को प्रभारी आयुक्त नियुक्त किया गया था। प्रभारी आयुक्त द्वारा कार्यकाल में निगम की कुछ आवश्यक फाइलों और लंबित कार्यों को आगे बढ़ाया गया।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद आयुक्त प्रिया गोयल ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर अवकाश पर जाने के कारणों की जानकारी दी और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। नगर निगम सूत्रों के अनुसार आयुक्त की वापसी से निगम के प्रशासनिक कामकाज को नई दिशा मिलने की संभावना है। बताया जा रहा है कि आयुक्त के अवकाश के दौरान नगर निगम में पार्षदों के बीच आपसी तनाव की स्थिति भी बनी हुई थी। अब आयुक्त के पुनः कार्यभार संभालने के बाद यह स्थिति सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। आमजन और जनप्रतिनिधियों का मानना है कि अब नगर निगम के विकास एवं प्रशासनिक कार्य बिना किसी बाधा के आगे बढ़ सकेंगे।

## वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**अंवरी।** नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का नगर पंचायत अध्यक्ष, परिषद सदस्यों एवं इंजीनियर द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के दंतेश्वरी मंदिर, सामुदायिक भवन, सड़कों, नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया।

अध्यक्ष ज्योति जैन एवं परिषद इंजीनियर ने ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप एवं टिकाऊ होना चाहिए, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



साथ ही कार्य में तेजी लाने एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी गई। अध्यक्ष ने कहा कि नगर के विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे आम नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके।

निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, जितेंद्र साहू, पार्षदगण खेमलता साहू हितेंद्र साहू, सब इंजीनियर ज्योति साहू, देव कंवर, थानेंद्र साहू सहित अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## शीतलावंड में बुढ़ादेव बूढ़ी माई महोत्सव



**बस्तर।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के द्वारा तीन दिवसीय बुढ़ा देव महोत्सव का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्रथम दिन मेहमानों के आगमन स्वागत, दूसरे दिन बुढ़ा देव की पूजा आराधना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक बैठक जिसमें वर्ष भर किए गए कार्यों पर चर्चा किया जाएगा एवं तीसरे दिन मेहमानों की विदाई के साथ ही तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न होगा। जगदलपुर मुड़ा क्षेत्र में ध्रुव समाज के संरक्षक एसएस चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष शंभूनाथ ध्रुव, संभागीय सचिव लिलेश्वर ध्रुव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने सभी मुड़ा क्षेत्रों में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में मुड़ा क्षेत्र से अशोक मंडावी, जिला उपाध्यक्ष विक्रम चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश ध्रुव भगत ध्रुव, हेमंत ध्रुव, समाज प्रवक्ता राधेश्याम ध्रुव, उप मुड़ा दार महिला प्रभाग सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी बने ठाकुर

**गीदम।** भारतीय जनता पार्टी जिला दंतेवाड़ा संगठन द्वारा राजेंद्र सिंह ठाकुर को जिला सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति के पश्चात राजेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनसंपर्क और जनसंवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने तथा सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का निरंतर प्रयास किया जाएगा।



## कर्मचारियों को मिला ई-ऑफिस का प्रशिक्षण

**कांकेर।** ई-ऑफिस, स्पैरो और ई-एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से कार्य करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से पहुंचे मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा जिला पंचायत के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही शंका का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों को कार्यालय में ई-फाईल के माध्यम से कार्य करने, स्पैरो पोर्टल के माध्यम से अचल संपत्ति का विवरण ऑनलाईन भरने और ई-एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से अवकाश के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया।

## सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य ने दिया न्योता भोज

**बासनवाही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनवाही में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष न्योता भोज का आयोजन कर शिक्षा और संवेदनशीलता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। यह सराहनीय पहल विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य केके गंजीर द्वारा की गई, जिन्होंने कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत लगभग 300 विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक खीर-पूरी का भोजन कराया। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी विद्यालय और विद्यार्थियों के प्रति अपने गहरे लगाव को दर्शाते हुए सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य ने इस आयोजन को आत्मीयता के साथ संपन्न कराया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और संतोष देखकर उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि विद्यालय से उनका रिश्ता केवल नौकरी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह जीवनभर का संबंध है।

### पाइपलाइन विस्तार, इंटरकनेक्शन और तकनीकी सुधार कार्य को दी जा रही प्राथमिकता

# गर्मी से पहले पेयजल संकट से निपटने नगर निगम ने कसी कमर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की आशंका को देखते हुए नगर निगम ने जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में तैयारियां तेज कर दी हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में पाइपलाइन विस्तार, इंटरकनेक्शन और तकनीकी सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नगर निगम द्वारा अंबेडकर चौक स्थित मेडिकल के समीप पाइप लाइन इंटरकनेक्शन का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य के पूर्ण होने से संबंधित क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के वार्डों में जलापूर्ति दबाव में सुधार होगा और लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा।

नगर निगम का लक्ष्य है कि इस ग्रीष्मकाल में धमतरी शहर के नागरिकों को नियमित, पर्याप्त और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके और किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### 40 वार्डों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने पर फोकस

नगर निगम के एमआईसी सदस्य एवं जल विभाग प्रभारी अखिलेश सोनकर ने बताया कि शहर के सभी 40 वार्डों में पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है। जहां-जहां से जल समस्या की शिकायतें मिल रही हैं, वहां तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य कराए जा रहे हैं।

### वैकल्पिक इंतजाम, टैंकर और मरम्मत कार्य भी तैयार

गर्मी के मौसम में जलस्तर गिरने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति, पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत, पंपों की क्षमता में वृद्धि तथा पुराने कनेक्शनों की जांच जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### नागरिकों से पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील

नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे पेयजल का संयमित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करें। किसी भी क्षेत्र में जलापूर्ति से संबंधित समस्या होने पर तत्काल नगर निगम या जल विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके।

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह का रंजना ने किया अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश से लेकर देश भर में प्रसिद्ध बस्तर पांडुम कार्यक्रम में शामिल होने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रायपुर पहुंचे और वहां से जगदलपुर प्रस्थान किए। माना के स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय विमानतल पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ उनका अभिनंदन किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# हथियारों से लैस चोरों का कॉलोनी में धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

### चार घरों के ताले टूटे, एक घर में चोरी



नकाबपोश चोरों ने हथियारों से लैस होकर आकाश गंगा कॉलोनी में धावा बोल दिया। चोरों द्वारा चार घरों का ताला तोड़ा गया जबकि एक घर से नगदी व जेवर की चोरी कर चंपत हो गए।

पुलिस के अनुसार रूद्री रोड स्थित आकाश गंगा फेज-2 के क्वार्टर नंबर 6 निवासी तुलसीराम ध्रुव क्रेडा के जिला प्रभारी अधिकारी के रूप में गरियाबंद में पदस्थ हैं। उसकी पत्नी ग्राम भोथली के स्कूल में शिक्षिका हैं, जो ग्राम बोड़रा से भोथली आना-जाना करती हैं। आकाश गंगा कॉलोनी में स्थित निवास में सप्ताह में अवकाश के दिनों में आना-जाना करते हैं। घर में कामवाली बाई चंद्रिका यादव नयापारा निवासी रोजाना सुबह 9 बजे काम करने आती है। रविवार की सुबह चंद्रिका घर में साफ करने के लिए गई थी। घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली तथा दरवाजा खुला देख घटना की सूचना मकान मालिक को दी। जानकारी होते ही तुलसीराम अपने मकान में पहुंचा। जहां घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। भीतर का सामान बिखरा हुआ था। वार्ड रोब में रखे कपड़ों को भी बिखेर दिया गया था। पूजा स्थल की दराज में रखे 5 हजार रूपये व बेडरूम में रखी आलमारी से सोने की अंगूठी कीमत 20 हजार रूपये की चोरी कर ली गई थी। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305-ए, 331-4 के तहत अपराध दर्ज किया है।

सूत्रों के अनुसार आकाश गंगा कालोनी में शनिवार-रविवार की रात्रि चोरों ने धावा बोला था। बताया जा रहा है कि घटना में तीन लोग शामिल हैं, जो कि नकाब लगाए हुए थे। उनके हाथों में हथियार भी दिख रहा है। चोरों ने पहले तीन घरों का ताला तोड़ा। उसके बाद चौथे घर के दरवाजे की कुंडी व ताला तोड़ भीतर प्रवेश कर नगदी व जेवर पर हाथ साफ कर दिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

# सामान क्रय करते समय अवसान तिथि मूल्य का अवलोकन अवश्य करें

**धमतरी।** ग्राम सोरम में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही एवं सदस्यद्वय सुश्री रूपा शर्मा एवं अरविन्द सिंह परिहार ने ग्रामीणजनों को उपभोक्ता अधिकारों से अवगत कराया तथा ई-जागृति पोर्टल व ई-हियरिंग के संबंध में भी जानकारी दी। उन्हें यह भी बताया कि कोई भी सामान क्रय करते समय उसकी अवसान तिथि/एक्सपायरी डेट तथा मूल्य का अवलोकन अवश्य करें तथा सामान का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें। ग्रामीणों ने इस मौके पर फसल बीमा, अन्य कृषि उपकरण एवं खाद बीज के संबंध में जानकारी ली। जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य अरविन्दसिंह परिहार ने ई-जागृति पोर्टल व ई-हियरिंग के संबंध में जानकारी दी। मौके पर पूर्व जनपद सदस्य रामेश्वर प्रसाद साहू, सरपंच श्यामसुंदर सिन्हा, उपसरपंच नरेन्द्र साहू, सचिव अभिषेक तिवारी, पंचगण गोवर्धन निषाद, हेमलता साहू, कौशिल्या साहू, अनिल यादव, ईश्वरी मारकडे, हेमलाल, समेत जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी सतीश मेनन व नवीन जायसवाल भी उपस्थित थे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु जिलों के विभिन्न शहरों में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 10 फरवरी से 13 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
83700 49468
90983 24969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर



आज 10 वीं पुण्यतिथि पर
विनम्र श्रद्धांजलि
आंसुओं का सैलाब हर सीमा कर लेता है पार।
जब चल पड़ती है स्मृतियों की भीगी भीगी बयार।।
आपके स्नेह के क्षण याद आएंगे बार बार।
आपको हो हमारी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि स्वीकार।।



जन्मतिथि 19-03-1947
स्वर्गारोहण 10-02-2016
स्व. परमात्मा बंशीराम सिन्हा
(पूर्व वायुसेना अधिकारी)
देश सेवा में जीवन बिताने वाले निर्भीक एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी को उनके दसवीं पुण्यतिथि पर
शत्-शत् नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि
-: श्रद्धानवत :-
श्रीमती रूपाबाई सिन्हा (धर्मपत्नी)
एवं समस्त सिन्हा परिवार ग्राम कनेरी (बालोद), निवास : बैंगलोर